पेज थ्री
देहरादून

हमारा दून

देहरादून बृहस्पतिवार 6 अगस्त 2020




दर्शनीगेट में जश्न मनाते हुए कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के जिला वर्चुअल सम्मेलनों की कड़ी में पहले सम्मेलन का शुभारंभ आज

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश भर में संगठनात्मक व आंदोलनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह की पहल पर शुरू होने वाले जिला वर्चुअल सम्मेलनों की कड़ी में पहले सम्मेलन का शुभारंभ गुरूवार को प्रातः साढ़े ग्यारह बजे उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह करेंगे। धस्माना ने कहा कि कांग्रेस पर इस मामले में असत्य आरोप लगाने के लिए शासकीय प्रवक्ता व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक को व बीजेपी अध्यक्ष बंशी धर भगत को आम लोगों से व कांग्रेस से क्षमायाचना करनी चाहिए।

### श्रीराम मंदिर निर्माण के शिलान्यास की दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के क्षण, भावुक, गर्व, उल्लास और खुशी के उस समय मिले अयोध्या मे भगवान श्रीराम के शिलान्यास के समय 200 अतिथियों में से एक हमारे अति प्रिय प्रदेश प्रमुख मंडल संरक्षक और मुख्य संरक्षक वीएचपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि देव आनंद ने हनुमान गडी अयोध्या से फोन करके हमें उपमा के सभी सदस्यों को भगवान श्रीराम के चरणों में प्रार्थना करते हुए हमारी उपमा की उपस्थिति करते हुए और हम सबको इस पर्व की बधाई दी। यह जानकारी उपमा के गढ़वाल मंडल प्रभारी जीएस आनंद ने एक बयान में दी।

### भव्य राम मन्दिर निर्माण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह

**संवाददाता** देहरादून। अयोध्या में भव्य राम मन्दिर के निर्माण को लेकर उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। तल्ला नागपुर के नारी गांव में राम मन्दिर के भूमि पूजन के उपलक्ष्य में 108 दीपक जलाये गये। इस अवसर पर नारी गांव स्थित मां चंडिका व तुंगनाथ मन्दिर परिसर में क्षेत्रीय जनता ने 108 दिये जलाए और राम नाम के जयकारे लगाये। ग्रामीणों ने कहा कि राम हमारी आस्था के प्रतीक है। यह दिन ऐतिहासिक है और यह नये युग की शुरुआत है। ग्रामीणों ने कहा कि 500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आयी है।

### एयरटेल ने लॉन्च किया अभिनव अभियान एक्सप्रेसविधहेलोट्यून

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल की स्वामित्व वाली तथा भारत की अग्रणी संगीत स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म विंक म्यूजिक ने एक अभिनव अभियान रु एक्सप्रेसविध ाहेलोट्यून शुरू किया है जिसस‌े ग्राहक अपनी पसंद के गीतध संगीत के माध्यम से दोस्तों और प्रियजनों के साथ अपनी वर्तमान मनोदशा और भावनाओं को साझा करने में सक्षम होंगे। सामाजिक दूरी बनाए रखने के उद्देश्य से भारत में अधिकांश लोग अपने घरों में बंद हैं।

# दून नगर निगम में मिला कोरोना संक्रमित, बंद कराया निगम

**कहर**

- हेल्थ इंस्पेक्टर रुड़की का रहने वाला है
- संपर्क में आये लोगों को होम आईसोलेट करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। नगर निगम देहरादून के एक हेल्थ इंस्पेक्टर की कोरोना वायरस कोविड 19 रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद नगर निगम को बुधवार को बंद कर दिया गया है और मुख्य गेट बंद कर वहां पर सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर दिया गया है।

हेल्थ इंस्पेक्टर रुड़की का रहने वाला है। बताया जा रहा और आशंका जताई जा रही है कि सम्भवतः वह रुड़की से ही संक्रमित हुआ है क्यूंकि अभी तक देहरादून नगर निगम में कोरोना वायरस कोविड 19 का कोई मामला नहीं आया है। हैल्थ इस्पेक्टर की संक्रमण रिपोर्ट के आधार पर बुधवार को नगर निगम बंद करने का फैसला लिया गया है। इस दौरान नगर निगम के हर कमरे व हर अनुभाग को सेनेटाइज किया जा रहा है।



राजधानी के नगर निगम में प्रतिदिन सैंकडों लोग अपने डेली रूटीन के काम से आते है।

इस दौरान नगर आयुक्त ने बिना देर लगाए दफ्तर बंद करने व सेनेटाइज कराने का निर्णय लिया है। बताया कि कर्मचारी के संपर्क में आये लोगों को होम आईसोलेट करने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार सभी का टेस्ट कराया जायेगा। इस दौरान साथ ही इनके संपर्क में आये लोग स्वयं भी लक्षण दिखने अथवा नही दिखने दोनों ही स्थिति में खुद को कम से कम चार दिनों के लिये आईसोलेट करने के निर्देश भी जारी किये गये है और किसी भी सूरत में संक्रमण से बचने के साथ ही कर्मियों को भी सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है।

दूसरी ओर मुख्य प्रवेश द्वार को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है और वहा पर सुरक्षा कर्मियों को तैनात कर दिया गया है।

वहीं, एम्स ऋषिकेश में विभिन्न गंभीर बीमारियों से ग्रसित एक 29 वर्षीय कोविड पॉजिटिव मरीज की मौत हुई है। चमोली में कोरोना के आठ नए मामले सामने आए हैं, जिनमें सात सेना के जवान शामिल हैं।

### उत्तरकाशी में 55 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले

बुधवार सुबह को उत्तरकाशी में 55 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इनमें आइटीबीपी, सेना और स्थानीय शामिल हैं। अभी तक एक दिन में कोरोना पॉजिटिव आने वाला सबसे बड़ा आंकड़ा है। चिंतित करने वाली बात यह है कि जो पॉजिटिव आ रहे हैं उनमें अधिकांश की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। जनपद में कोरोना पॉजिटिव की संख्या 289 पहुंच चुकी है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर बैठक बुलाई है।

### अजय नारायण शर्मा को राष्ट्रीय सचिव व आरटीआई सेल का पदभार

देहरादून। नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स मे अजय नारायण शर्मा को राष्ट्रीय सचिव व आरटीआई सेल का पदभार एवं महाराष्ट्र से धनन्जय प्रभाकर म्हात्रे और राजस्थान से एडवोकेट दिलीप सिनसिनवार को प्रदेश अध्यक्ष का पद सौंपा गया है। यहां जानकारी देते हुए नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि राजस्थान व महाराष्ट्र से लगातार निजी स्कूलों की मनमानियों की मिल रही शिकायतों को देखते हुए मध्यप्रदेश के गणमान्य जागरूक बुद्धिजीवी अभिभावकों को लेकर एसोसिएशन की टीम तैयार की गई है जो इन निजी स्कूलों की मनमानियों के विरुद्ध अभिभावकों की आवाज बनेंगे इस टीम मे मुख्य रूप से अभी कुछ ही पदाधिकारी रखे गए हैं आगे टीम का विस्तार समयानुसार यह टीम शीघ्र कर लेगी।

नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स आज चुने गए सभी पदाधिकारियों को बंधाई दी गई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र कार्यकारिणी में धनंजय प्रभाकर म्हात्रे अध्यक्ष सौ. अश्विनी अनिल कंटक उपाध्यक्ष, सचिन सदानंद पाटिल, सरचिटणीस, प्रकाश श्रीनिवास नायक, भरत कुमार लक्ष्मीचंद जैन, खजिनदार को सचिव बनाया गया है।

# गैरसैंण से संचालित होनी चाहिए सरकारः प्रीतम सिंह

**रणनीति**

- संगठन की मजबूती को शामिल करेंगें हर वर्ग के लोगों को

देहरादून। **संवाददाता**

कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जन जाति विभाग के प्रदेश प्रभारी प्रमोद कुमार ने कहा है कि संगठन की मजबूती के लिए हर वर्ग के लोगों को शामिल करने का प्रयास किया जायेगा और इसके लिए व्यापक स्तर पर रणनीति तैयार की जायेगी।

कांग्रेस भवन में पदाधिकारियों की बैठक से पूर्व पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति विभाग




को व्यापक स्तर पर अब मजबूत बनाये जाने की जरूरत है और कोरोना वायरस कोविड 19 काल में संगठन कुछ शिथिल पड़ गया था लेकिन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने इस दौरान कई क्षेत्रों का दौरा किया और अधिक से अधिक लोगों को संगठन में जोडने का काम किया। सभी से चर्चा करने के बाद और खासकर कोरोना काल में जिस कार्यकर्ता ने किसी भी रूप में कार्य किया है उसे संगठन में जोड़ने और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का काम किया जायेगा। उन्होंने राम मंदिर निर्माण पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने राम मंदिर निर्माण की पहल की थी ओर आज स्वर्गीय राजीव गांधी का सपना पूरा हो गया।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि गैरसैंण को प्रदेश सरकार ने ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया है लेकिन सारे कामकाज यहां दून से संचालित किये जा रहे है और वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु है तो प्रदेश सरकार को गैरसैंण से संचालित किया जाना चाहिए था लेकिन सरकार लगातार गैरसैंण की उपेक्षा कर रही है और इसी के मददेनजर पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत गैरसैंण की यात्रा पर नौ अगस्त से जा रहे है और सरकार को याद दिलायेंगें की जो सरकार ने कहा कि उसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है और लगातार गैरसैंण की उपेक्षा की जा रही है जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जायेगा।

### खाताधारकों का लाखों करोड़ों रुपया हड़प लिए जाने के मामले में ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक, लॉ एंड ऑर्डर अशोक कुमार से मुलाकात कर बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति विकासनगर, देहरादून द्वारा खाताधारकों का लाखों करोड़ों रुपया हड़प लिए जाने के मामले में ज्ञापन सौंप कर उच्च स्तरीय जांच एवं खाताधारकों का पैसा वापस दिलाने का आग्रह किया। इस अवसर पर अशोक कुमार ने एस.एस.पी. को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर नेगी ने कहा कि विगत कई वर्षों से उक्त मिनी बैंक में लोगों द्वारा सावधि जमा, बचत खाते व ऋण की बकाया धनराशि जमा की जाती रही, जिसकी बाकायदा रसीद जमा कर्ता/खाता धारकों को दी जाती रही है। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।